# आकाशवाणी, गोरखपुर

**<u>दिनांक–13 मार्च 2025</u>** **<u>सान्ध्य समाचार</u>**

दो दिवसीय दौरे पर आज सुबह गोरखपुर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के तहत नगर निगम की ओर से आयोजित राष्ट्रीय सेमीनार के समापन सत्र में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कार्बन उत्सर्जन को न्यूनतम स्तर पर लाने और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रौद्योगिकी और जन जागरूकता के समन्वय से ही अच्छे परिणाम आएंगे। उन्होंने कहा कि कार्बन उत्सर्जन कम करने के लिये सरकार नवीकरणीय ऊर्जा पर जोर दे रही है। इसी क्रम में अयोध्या को पहली सोलर सिटी के रूप में विकसित करने के साथ ही प्रदेश सरकार सभी सत्रह नगर निगमों को सोलर सिटी बनायेगी।

***..प्रदेश सरकार ने अपने यहां रेन्यूवल एनर्जी की भी अपनी पॉलिसी दी। हमने तय किया बाईस हजार मेगावाट के रेन्यूवल एनर्जी के जिसमें से अब तक हम लोगों लगभग छह हजार रेन्यूवल एनर्जी बना चुके हैं। सोलर पैनल के माध्यम से देश की पहली सोलर सिटी के रूप में हमने अयोध्या को बनाया है। अयोध्या अब प्रदेश की पहली सोलरी सिटी है जहां पर जितनी भी रिन्यूवल एनर्जी हमारी बनती है उसी से वहां स्ट्रीट लाईट जलती है स्ट्रीट लाईट के लिए माईक्रो या थर्मल पावर का उपयोग नही करते। वहां पर हमलोगो ने सोलर पैनल हम लोगों ने लगाये हैं। उसी से स्ट्रीट लाईट अयोध्या की जलती है ऐसे ही सत्रह के सत्रह मुनिसपल कार्पोरेशन को हमलोगों ने इसके साथ जोड़ने का कार्य किया है।***

मुख्यमंत्री ने पर्यावरण संरक्षण के लिये पौधरोपड़ अभियान की सफलता का भी उल्लेख किया।

***प्रदेश में हमलोगों ने वृक्षारोपण के कार्यक्रम को बड़े पैमाने पर आगे बढ़ाया और मुझे बताते हुए प्रसन्नता है कि अकेले उत्तर प्रदेश में पिछले आठ वर्ष के अंदर दो सौ दस करोड़ वृक्षारोपण के कार्यक्रम को सफलता पूर्वक क्रियान्वित किया है।***

श्री योगी ने घर के आसपास पेड़–पौधे लगाने की अपील करते हुए कहा कि पेड़–पौधों से ही घर की रौनक होती है। प्रकृति की गोद में ही रहकर हम आध्यात्मिक अंतःकरण को जी सकते हैं।

**********

उत्तर प्रदेश पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा का फाइनल परिणाम आज घोसित कर दिया गया। परीक्षा में सफल होने वाले साठ हजार दो सौ चौवालीस अभ्यर्थियों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुभकामनाएं दी है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा है कि यह अत्यन्त हर्ष का विषय है कि चयन प्रक्रिया के माध्यम से बारह हजार अड़तालीस बेटियां यूपी पुलिस का हिस्सा बनने जा रही हैं। उन्होंने बताया कि निष्पक्ष एवं पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से हुयी इस चयन परीक्षा में सामान्य वर्ग के बारह हजार नौ सौ सैंतीस अभ्यर्थी, अन्य पिछड़ा वर्ग के सोलह हजार दो सौ चौंसठ पदों के सापेक्ष बत्तीस हजार बावन अभ्यर्थी, अनुसूचित जाति के बारह हजार छः सौ पचास पदों के सापेक्ष चौदह हजार छब्बीस अभ्यर्थी और अनुसूचित जनजाति के बारह सौ चार पदों के सापेक्ष बारह सौ उन्तीस अभ्यर्थी सफल हुए हैं।

**********

प्रदेश भर में होली का त्यौहार कल हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। बाजारों में खूब रौनक है। रंग, पिचकारी और खाने पीने के सामान की दुकानों पर भारी भीड़ दिख रही है। चारो तरफ उत्साह का वातावरण बना हुआ है। मथुरा के वृन्दावन बांके बिहारी मंदिर में आज भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने रंग गुलाल और फूलों से होली खेली।

वहीं, होली के अवसर पर शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिये सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। सभी जिलों में अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है। प्रदेश में अलर्ट जारी कर शरारती तत्वों पर लगातार कड़ी नजर रखे जाने का निर्देश दिया गया है। प्रदेश भर में स्थानीय पुलिस के अलावा पीएसी और अर्धसैनिक बलों की भी तैनाती की गयी है।

प्रदेश भर में आज रात होलिका जलायी जायेगी। इस अवसर पर गोरखपुर के पाण्डेय हाता से निकलने वाली पारम्परिक शोभयात्रा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी शामिल हुए।

**********

यूपी बोर्ड की परीक्षाएं कल पूरी पारदर्शिता और नकलविहीन माहौल में सम्पन्न हो गयी। प्रदेश सरकार द्वारा परीक्षा प्रणाली में सुधार और नकल रोकने के लिये जो प्रयास किये गये वे सफल होते दिख रहे हैं। परीक्षा के दौरान नकल के मामले में बड़ी कमी दर्ज की गयी है। दो हजार बीस में सात सौ साठ परीक्षार्थी नकल करते पकड़े गये थे जबकि दो हजार बाइस में यह संख्या घटकर एक सौ नब्बे हो गयी, दो हजार तेइस में यह केवल एक सौ सत्ताइस और दो हजार चौबीस में मात्र अड़तालीस विद्यार्थी नकल करते पकड़े गये। दो हजार पच्चीस में यह संख्या सिमट कर तीस हो गयी है।

**********

प्रदेश सरकार ने धान खरीद में अपना पिछले वर्ष का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष तीन लाख नब्बे हजार मीट्रिक टन अधिक धान की खरीद हुयी है। पिछले वर्ष तिरपन लाख अस्सी हजार मीट्रिक टन धान खरीदा गया था जबकि इस वर्ष खरीद बढ़कर सत्तावन लाख सत्तर हजार मीट्रिक टन से अधिक हो गयी है। प्रदेश सरकार ने निन्यानबे फीसदी से अधिक किसानों का भुगतान भी कर दिया है।

**********